<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 दिसंबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से, कल सदन में पेश होगा प्रदेश सरकार का अनुपूरक बजट।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित 'दिव्य महाकुंभ कार्यक्रम' को किया सम्बोधित। कहा– प्रयागराज महाकुंभ भारत के आध्यात्मिक और भौतिक विकास का बनेगा केन्द्र।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला हिंदी सेवा निधि के बत्तीसवें वार्षिक अधिवेशन में हुए शामिल। कहा– भारत को एक सूत्र में बांधती है हिन्दी।
- पूर्वांचल सहित प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के कई इलाकों में ठंड और शीतलहर का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। 20 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में मंगलवार यानी कल अनुपूरक बजट पास कराया जाएगा। इससे पूर्व कल सदन के सुचारू रूप से संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। जनप्रतिनिधियों को जनता के मुद्दों तथा उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए।

***मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की। विधानमंडल सत्र के पहले दिन कल औपचारिक काम के साथ अध्यादेश, अधिसूचनाएं और नियम विधानसभा के पटल पर रखे जाएंगे। 17 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे सरकार पारित कराएगी। इसके बाद विधायी कार्य होंगें। फ़ज़ल इनाम आकाशवाणी समाचार कक्ष।***

सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न मुद्दो को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि सपा प्रदेश में बिगड़ते सौहार्द पर सरकार का घेराव करेगी।

***जो सद्भाव बिगाड़ने की घटनाएं हो रही हैं, दंगे के रूप में या किसी रूप में उस पर हम सरकार को नोटिस देंगे और सरकार को उस पर घेरेंगे।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में दिव्य महाकुंभ विषय पर आयोजित एक निजी कार्यक्रम में कहा है कि 13 जनवरी से शुरू हो रहा प्रयागराज महाकुम्भ भारत के आध्यात्मिक और भौतिक विकास के सभी कार्यों पर चर्चा–परिचर्चा का केन्द्र बिन्दु बनेगा। उन्होनें कहा कि महाकुंभ में 45 दिनों में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, लेकिन राज्य सरकार की तैयारी 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होगी।

***बारह किलोमीटर के घाट तैयार किये जा रहे हैं। जहां पर कोई भी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ, सुगमता के साथ स्नान कर सके। इतना बड़ा आयोजन होगा इसके लिए दस हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुंभ का विस्तार किया गया है। इस बार आप देखेंगे चार धाम के भी दर्शन होंगे, चार धाम उत्तराखंड के भी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के भी होंगे और चार धाम भारत के भी। द्वादश ज्योर्तिलिंग और अन्य प्रमुख ज्योर्तिलिंग के भी दर्शन होंगे। भारत की आध्यात्मिक और भौतिक विकास के सभी कार्यो पर चर्चा–परिचर्चा का केन्द्र–विन्दु बनेगा।***

**********

इंजीनियर अतुल सुभाष आत्महत्या मामले में बेंगलुरू पुलिस ने कल जौनपुर निवासी अतुल की पत्नी को गुरुग्राम तथा उसकी मां तथा भाई को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने, कथित तौर पर उनके खिलाफ दर्ज मामलों को वापिस लेने के लिए 3 करोड़ रूपए मांगने और बेटे से मिलने के लिए 30 लाख रूपए की मांग रखने का मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों को बेंगलुरू लाकर अदालत में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**********

प्रदेश में बिजली बिल के बकायादारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो गई है। यह योजना तीन चरणों में चलेगी। समाधान योजना का पहला चरण 31 दिसम्बर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण एक जनवरी से 15 जनवरी और तीसरा तथा अंतिम चरण

16 जनवरी से 31 जनवरी तक जारी रहेगा। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर लगे सरचार्ज पर छूट मिलेगी और बकाया बिल का भुगतान आसान किस्तों में करने का विकल्प भी मिलेगा। पंजीकरण के समय तीस सितम्बर 2024 तक के बिजली बिलों के मूल बकाये का तीस प्रतिशत राशि जमा करना ज़रूरी होगा।

**********

यमुना एक्सप्रेस–वे पर हल्के और भारी वाहनों के लिए नई स्पीड सीमा तय की गई है। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया है कि यमुना एक्सप्रेस–वे और नोएडा से ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले एक्सप्रेस–वे पर हल्के वाहनों के लिये अधिकतम 80 किलोमीटर प्रतिघंटा और भारी वाहनों के लिए अधिकतम 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार निर्धारित की गई है। श्री सिंह ने बताया कि यह फैसला सर्दियों में घने कोहरे की आशंका के मद्देनजर किया गया है।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल इटावा के इस्लामिया इंटर कॉलेज में आयोजित हिंदी सेवा निधि के 32वें वार्षिक अधिवेशन और हिंदी सेवा समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि हिंदी भारत की पहचान और आत्मा है। अलग–अलग भाषा और बोली पर विचार करने वाले लोगों की मान्यता है कि देश की सभी भाषाएं एकता की प्रतीक हैं और हिंदी भाषा भारत को एक सूत्र में बांधती है, इसलिए हिंदी का संवर्धन जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हिंदी का महत्व और बढ़ गया है। पिछले दस वर्षों के दौरान सुप्रीमकोर्ट और संसद में भी हिंदी भाषा में तेजी से काम हो रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने राष्ट्र एकीकरण के अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। वो वर्तमान भारत के शिल्पी थे। श्री योगी कल लखनऊ में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास और परिश्रम का महती योगदान है। इस मौके पर लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर लौह पुरूष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**********

प्रयागराज में संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय समारोह–आईएफएफसी आज से शुरू हो रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित इस तीन दिवसीय समारोह में सिने जगत की कई नामी हस्तियां शामिल होंगी। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि महाकुंभ–2025 से पहले प्रयागराज में यह आयोजन निश्चित तौर पर फिल्म प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

**********

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा कल मथुरा में गोवर्धन परिक्रमा विकास परियोजना के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि गिरिराज जी महाराज के आशीर्वाद से हम विकसित राजस्थान के सपने को शत प्रतिशत पूरा करेंगे और प्रदेश समृद्धि की राह पर निरंतर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि पूंछरी का लौठा और गोवर्धन परिक्रमा का विकास कार्य, इस पावन धाम की आध्यात्मिक खूबसूरती में संवर्धन करते हुए श्रद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करेगा।

**********

प्रदेश के पूर्वांचल सहित पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न जिलों में अगले दो–तीन दिनों के दौरान ठंड और शीत लहर का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ स्थित मौसम केंद्र के निदेशक मनीष रनालकर ने कहा कि पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है।

***पिछले एक सप्ताह से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। यह सिलसिला अगले दो तीन दिनों तक भी बरकरार रहेगा, जिसके चलते और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं पर शीतलहर होने की संभावना है और साथ ही अर्ली मॉर्निंग अवर्स और देर रात्रि में कहीं कहीं पर घना कोहरा होने की भी संभावना है। जिसके चलते दृश्यमानता में गिरावट होगी जो कि 50 से 200 मीटर तक की गिरावट दृश्यमानता में देखी जा सकती है।***

**********